**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 16 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

## डीडीयूजीयू के तीन सर्वश्रेष्ठ विभाग, अनुदानित और स्ववित्तपोषित कॉलेज होंगे सम्मानित

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11–17 अगस्त तक विभिन्न प्रकार के आजादी को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय के सभी विभागों, छात्रावास, प्रशासनिक भवन, गेस्ट हाउस समेत सभी भवनों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। स्लोगन, वाद विवाद और प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी की अलख जगाई जाएगी। कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि 15 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन विभागों, तीन अनुदानित कॉलेजों के साथ साथ तीन स्ववित्तपोषित कॉलेजों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवेदन फार्म उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक विभागों और कॉलेज इसमें आवेदन करेंगे। विभागों में अध्ययन और अध्यापन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी विभागाध्यक्ष अपने अपने विभाग से टीचिंग असिस्टेंट और रिसर्च असिस्टेंट को चिन्हित कर लें। ताकि, आवश्यकता पड़ने पर इनसे अध्यापन और मूल्यांकन कार्य भी कराए जा सकें। अर्न बॉय लर्न योजना के माध्यम से भी अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। इस योजना से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का रोडमैप भी विभागाध्यक्ष तैयार कर लें। 2019–20 और 2020–21 के विद्यार्थियों के शोध राह होगी आसान कुलपति ने कहा कि पीएचडी 2019–20 और 2020–21 में छात्रों का पंजीकरण एवं पंजीकृत छात्रों को शोध पर्यवेक्षक आवंटन करने के संदर्भ में विभागाध्यक्ष सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण और पर्यवेक्षक को डिपार्टमेंट रिसर्च कमेटी से जल्द अप्रुव करा लें। ताकि, विद्यार्थियों का हित प्रभावित न हो।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur